श्री सुशील कुमार सिंह

अध्यक्ष

श्री सुशील कुमार सिंह, अध्यक्ष, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण ने दि.1/10/2024 को मुंबई पत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया।

श्री सुशील कुमार सिंह, आईआरएसएमई सेवा 1992 बैच के अधिकारी हैं और वे बी.ई. (मैकेनिकल), एम.टेक. (डिजाइन इंजीनियरिंग) डिग्री के धारक हैं।

उन्होंने पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (भारत सरकार) में संयुक्त सचिव (पोर्ट/पीपीपी/पीएचआरडी) के पद पर रहते हुए भारत सरकार के अधीन सभी 12 प्रमुख पोर्टों जिनमें मुंबई पोर्ट, चेन्नई पोर्ट, जवाहर लाल नेहरू पोर्ट, पारादीप पोर्ट, दीनदयाल (कांडला) पोर्ट, श्यामा प्रसाद मुखर्जी (कोलकाता) पोर्ट, विशाखापत्तनम पोर्ट, कामराजार पोर्ट, वीओसी चिदंबरनार पोर्ट, कोचीन पोर्ट, नव मंगलूर पोर्ट, मुरगांव (गोवा) पोर्ट शामिल हैं, के बुनियादी ढाँचे का यांत्रिकीकरण, पोर्ट आधुनिकीकरण, पोर्ट स्वचालन, हरित पोर्ट की पहल, स्मार्ट पोर्टों की पहल, और पीपीपी आदि जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को निभाया।

इसके अलावा, एमआईवी-2030 (मैरीटाइम इंडिया विज़न-2030) के अनुसार प्रमुख पोर्टों में क्षमता वृद्धि और दक्षता सुधार की परियोजनाओं तथा कारोबार में आसानी में सुधार के लिए बनी नीतियों के कार्यान्वयन में और प्रौद्योगिकी पहलों को लागू करने और आपूर्ति श्रृंखला की दृश्यता में सुधार करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर मंत्रालय की नीतियों के सुचारु कार्यान्वयन पर कार्य किया।

उन्होंने भारतीय रेलवे में ट्रेन परिचालन, रोलिंग स्टॉक रखरखाव, रेल मंत्रालय (भारत सरकार) के लिए रोलिंग स्टॉक डिजाइन और विनिर्माण परियोजनाएं का कार्यभार संभाला है। लोकोमोटिव डिज़ाइन, परीक्षण और सत्यापन में विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला विकास कार्यक्षेत्र (डोमेन) में वे महारत रखते हैं। अकादेमिया, उद्योग एवं राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रेलवे अनुसंधान संगठनों के साथ संयुक्त सहयोग के माध्यम से निष्पादित रेलवे अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के लिए और केआरआरआई/कोरिया, आरटीआरआई/जापान और वीएनआईआईजेडएचटी (रूसी रेलवे अनुसंधान) संगठन सहित रिसर्च कोऑर्डिनेशन भी संभाला है । संयुक्त राज्य अमेरिका, हंगरी, स्पेन, कोरिया गणराज्य, जापान, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार आदि देशों के साथ प्रौद्योगिकी कार्य संभाला है।